भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान-क्षेत्रीय केन्द्र
**ICAR – Central Potato Research Institute – Regional Station**
महाराजपुरा, Maharajpura, ग्वालियर –474020 (म.प्र.)
Ph. No.: 0751-2470302, Email:- gwalior.cpri@icar.gov.in

पत्रांक : F.N. Auction Notice/Account/Gwl/23-24/1258 दिनांक: 27 /03/2024

प्रति,

1. संपादक, पत्रिका समाचार पत्र ग्वालियर
2. AKMU Unit
   भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला
   (निलामी सूचना को सीपीआरआई वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु)

विषय: निलामी सूचना को प्रकाशित करने हेतु।

श्री मान,

आपके समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए एक नीलामी सूचना भेजी जा रही है। अत: आपसे निवेदन है कि आप अपने समाचार पत्र के वर्गीकृत कालम में हिन्दी भाषा में अतिशीघ्र प्रकाशित करने की कृपा करें।

डी.ए.वी.पी. मूल्य के आधार पर बिल की डुप्लीकेट प्रति के साथ बिल कार्यालय में प्रस्तुत करें जिससे भुगतान की व्यवस्था की जा सके। बिल पर यह सर्टीफाइड होना जरूरी है कि रेट्स डी.ए.वी.पी. मूल्य क आधार पर चार्ज किये गए है।

भवदीय

सुभाष
27/03/2024

(डॉ. सुभाष कटारे)
प्रभारी वैज्ञानिक

प्रभारी वैज्ञानिक/Scientist-In-Charge
भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (क्षे.केन्द्र)
ICAR-Central Potato Research Institute (R.S.),
ग्वालियर/Gwalior-474020(M.P.)

भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान-क्षेत्रीय केन्द्र
ICAR – Central Potato Research Institute – Regional Station
महाराजपुरा, Maharajpura, ग्वालियर -474020 (म.प्र.)
Ph. No.: 0751-2470302, Email:- gwalior.cpri@icar.gov.in

पत्रांक : F.N. Auction Notice/Account/Gwl/23-24

दिनांक: 27 /03/2024

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण एवं कृषकों को सूचित किया जाता है कि भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (क्षेत्रीय केन्द्र) ग्वालियर (म.प्र.) पर प्रसंस्करण एवं भोज्य वर्ग का आलू प्रजाती कुफरी चिप्सोना-1 का लगभग 1000 कुंटल एवं कुफरी चिप्सोना-3 का लगभग 5 कुंटल (अवर्गीकृत/Ungraded आलू सामान्य) नीलामी द्वारा विक्रय हेतु उपलब्ध है। जिसकी नीलामी दिनांक 4 अप्रैल 2024 को जैसा है जहाँ है, के आधार पर की जायेगी।

नीलामी हेतु पंजीकरण राशि उक्त तिथि में प्रात: 10:00 बजे से 11:00 बजे के बीच जमा की जायेगी। असफल बोली कर्ताओं की पंजीकरण/धरोहर राशि नीलामी समाप्त होने के बाद वापस कर दी जायेगी। तथा सफल बोलीकर्ता की पंजीकरण राशि पूर्ण भुगतान प्राप्त होने के बाद वापस की जायेगी। सफल बोलीदाता को दी गई बोली की अनुमानित 25 प्रतिशत तत्काल जमा करानी होगी।

केन्द्राध्यक्ष के पास बिना कारण बताए नीलामी की प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
नीलामी की नियम व शर्ते संलग्न है।

सुभाष
27/03/2024
प्रभारी वैज्ञानिक

वितरण:-

1. सी.पी.आर.आई. वेवसाइट ।
2. नोटिस बोर्ड।
3. मैन गेट।
4. लक्ष्मीगंज मण्डी।
5. मुरार मण्डी।
6. संपादक, पत्रिका समाचार पत्र, ग्वालियर।

## नीलामी की नियम व शर्तें

1. प्रत्येक बोली लगाने वाले को पंजीकरण कराने हेतु रूपये 10,000 (रूपये दस हजार मात्र) नगद धरोहर राशि के रूप में जमा करने होगें। बिना धरोहर राशि जमा कराये बोली बोलने का अधिकार नही होगा
2. पंजीकरण हेतु टैग की राशि केवल नगद ही स्वीकार होगी अन्य सभी भुगतान Online/UPI/Credit Card/Debit Card/RTGS द्वारा ही मान्य होगा।
3. पंजीकरण स्वंय उपस्थित होकर फोटो पहचान पत्र की स्वहस्ताक्षरित प्रति (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र इत्यादि) के साथ करवाना होगा।
4. केवल पंजीकृत व्यक्ति ही बोली लगाने का हकदार होगा।
5. यदि कोई संस्था या समिति बोली में भाग लेना चाहती है तो संस्था के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिकृत पत्र पंजीकरण के समय प्रस्तुत करना होगा।
6. बोलीदाता को स्वंम के टेग न. से ही बोली लगानी होगी तथा जिस टेग न. पर बोली छूटेगी उसे ढेर की कीमत का 25 प्रतिशत धन अविलम्ब जमा कराना होगा अन्यथा नीलामी समिति द्वारा संबंधित बोलीदाता को आगे बोली लगाने से रोक दिया जायेगा।
7. बोलीदाता व्दारा ढेर की कीमत की 25 प्रतिशत धनराशि बोली छूटने के दो घंटे के अन्दर जमा करायी जानी आवश्यक है अन्यथा की स्थिति में यह मान लिया जायेगा कि बोलीदाता उक्त ढेर पर बोलीदाता का कोई अधिकार नहीं होगा तथा उस ढेर की दोबारा नीलामी कर दी जायेगी।
8. आलू की नीलामी जहॉ है जैसे है के आधार पर की जायेगी।
9. आलू के बोली छूटने के दिनांक से दो दिन के अन्दर पूर्ण भुगतान करके आलू उठाना होगा अन्यथा बिना किसी सूचना के वह ढेर किसी और व्यक्ति को बेच दिया जायेगा और 25 प्रतिशत अग्रिम धनराशि व पंजीकरण शुल्क जब्त कर ली जायेगी।
10. दो दिन के अन्दर माल न उठाने की स्थिति में किसी भी प्रकार की हानि के लिए बोलीदाता स्वंय जिम्मेदार होगा।
11. बोली लगाने बाली धनराशि इस केन्द्र के खाते (CPRS GWALIOR Account No. 10504677191, IFSC CODE-SBIN0004661 State Bank Of India, Morar, Gwalior) ऑन-लाइन ट्रांसफर करना होगा या कार्य दिवसों में ग्वालियर स्थित कार्यालय में पी.ओ.एस.(POS) मशीन द्वारा जमा किया जायेगा।
12. बोली प्रति कुंटल के हिसाब से लगानी होगी।
13. बोलीदाता को बारदाना स्वंम के लाने होंगे केन्द्र से कोई बारदाना नही दिया जायेगा।
14. असफल बोलीदाताओं का पंजीकरण शुल्क नीलामी समाप्त होते ही वापस कर दी जायेगी।
15. किसी ढेर की बोली ना लगाने कि स्थिति में आगे के ढेरों की नीलामी प्रक्रिया जारी रखी जायेगी।
16. मण्डी शुल्क या अन्य कोई सरकारी देय यदि होगा तो उसकी देनदारी बोलीदाता की होगी।
17. परिसर में किसी भी प्रकार का अस्त्र/शस्त्र लाना तथा नशीले पदार्थ के सेवन के पश्चात प्रवेश करना मना है।
18. नीलामी के दौरान किसी भी प्रकार की रिकोर्डिंग, फोटोग्राफी या वीडियोग्राफी करना सख्त मना है।
19. किसी भी बोली या समस्त नीलामी को रद्द करने का अधोहस्ताक्षरी को पूर्ण अधिकार होगा।

सुभाष 
प्रभारी वैज्ञानिक /03/2024

प्रभारी वैज्ञानिक/Scientist-In-Charge
भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान (क्षे.केन्द्र)
ICAR-Central Potato Research Institute (R.S.),
ग्वालियर/Gwalior-474020(M.P.)